दिनांक : 30.04.2024

समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

<u>चुनाव प्रचार–प्रदेष</u>

प्रदेष में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इस चरण के लिये 7 मई को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिषा, बैतूल, भोपाल और राजगढ़ में मतदान होगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज विदिषा, मुरैना, और भोपाल, प्रदेष भाजपा अध्यक्ष वीडी षर्मा मुरैना में चुनाव प्रचार कर रहे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज भिंड में एक जनसभा को संबोधित किया । वहीं प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, विदिषा और भोपाल लोकसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में षामिल होंगे।

कांग्रेस हाइकोर्ट–

इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम द्वारा ऐनवक्त पर नामांकन वापस लेने के बाद कांग्रेस आज हाईकोर्ट पहुंच गई। पार्टी की ओर से तत्काल सुनवाई की अपील की है। हाईकोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया है। संभवतरू लंच दोपहर बाद इस पर सुनवाई होने की संभावना है।

कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल की ओर से दायर याचिका में कहा है कि कांग्रेस ने जो बी फॉर्म जारी किया था, उसमें अप्रूव्ड कैंडिडेंट के रूप में अक्षय बम का नाम था और उसी में सब्स्टीट्यूट कैंडिडेंट के तौर पर उनका नाम था। जब अक्षय बम नामांकन वापस ले चुके हैं तो कांग्रेस के सब्स्टीट्यूट कैंडिडेंट के नाते उनका फॉर्म मंजूर होना चाहिए।

घर से मतदान

शिवपुरी जिले में लोकसभा निर्वाचन में दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा आज से दी जा रही है। यह सुविधा कल 1 मई को भी जारी रहेगी। नोडल अधिकारी ने बताया कि कुल 1063 मतदाता है। इनके लिए मतदान टीमें घर घर जाकर मतदान करवा रही हैं। बैतूल जिले के 85 वर्ष से अधिक उम्र के अति वरिष्ठ मतदाता एवं 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं के लिए कल घर पर ही मतदान की व्यवस्था की गई थी। होम वोटिंग के प्रथम चरण में इस वर्ग के 96 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों के 1236 मतदाता इन संवर्गों में चिन्हित किए गए थे। 1190 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। इस प्रकार शेष 46 मतदाता द्वारा 1 मई को द्वितीय चरण में मतदान किए जाने से शत प्रतिशत मतदान की संभावना है।

स्लोगन प्रतियोगिता

मतदाता जागरुकता के लिए होने जा रही राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आज अंतिम दिन है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा में शामिल होने के लिए प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल है। श्री राजन ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। इसमें प्रथम पुरस्कार रूपये 51000 है।

<u>जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे वॉट्सएप नंबर 94065 23035 पर अपने और अपने स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

1. खंडवा जंक्शन पर आज सुबह मालगाड़ी के 5 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण इटारसी–मुंबई अप–डाउन ट्रैक पर ढाई घंटे से ज्यादा यातायात बाधित रहा तथा कई यात्री गाड़ी की आवाजाही प्रभावित हुई।
2. जबलपुर स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्स के एक्सीलेंस स्कूल खोलेगी। दोनों स्कूल भवन यूनिवर्सिटी परिसर में बनाए जाएंगे। एक्सीलेंस स्कूल स्थापित होने से जबलपुर समेत प्रदेश के अस्पतालों को बड़ी संख्या में मेडिकल प्रोफेशनल उपलब्ध हो सकेंगे।
3 गुना ज़िले में चुनाव प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये 8 अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं।